हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 31 मई 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

भीषण गर्मी में पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण, सुबह 4 बजे से लग रही कतार
4



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री के मन की बात का प्रसारण आज

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी जांजगीर चाम्पा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के जिला संयोजक विवेका गोपाल ने बताया कि रविवार 31 मई को प्रातः 11 बजे रेडियो, टीवी, दूरदर्शन टेलीविजन एवं अन्य चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण होगा। जिला संयोजक विवेका गोपाल ने भारतीय जनता पार्टी के समस्त मंडल अध्यक्ष, महामंत्रियों से अपने अपने मंडल के प्रत्येक बूथों पर मन की बात सुनने की अपील की। प्रधानमंत्री अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देष के विभिन्न हिस्सों में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यो का विषेश तौर पर उल्लेख करते है समान्य रूप से हमको जो बात की जानकारी नहीं होती वह जानकारी भी मोदी के मन की बात के माध्यम से मालूम हो जाती है।

### उत्कर्ष योजना के अंतर्गत कक्षा 6वीं की प्रवेश प्रक्रिया स्थगित

**सक्ती।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के अंतर्गत ग्रामीण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाने हेतु आयोजित की जाने वाली प्रवेश प्रक्रिया को वर्तमान सत्र 2026-27 के लिए स्थगित कर दिया गया है। आदिवासी विकास विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2025-26 में योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। किन्तु वर्तमान में संस्था इम्पैनलमेंट एवं प्रवेश प्रक्रिया में विलंब होने के कारण प्रवेश प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित किया गया है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों एवं पालकों को सूचित किया गया है कि लिखित परीक्षा के संबंध में आवेदन जमा न करें। शासन से दिशा-निर्देश प्राप्त होने के बाद पृथक से सूचना जारी की जाएगी।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य, असाधारण कार्य, सामाजिक सेवा. पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, किया हो पीएमआरबीपी 2026 के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के है वे बच्चे जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्टता और उत्कृष्ट योगदान दिया है, नामांकन के लिए पात्र हैं वे ऑनलाइन आवेदन प्रेषित कर सकते है।

### सड़क मरम्मत कार्य के चलते कन्हाईबंद अंडरब्रिज बंद

**जांजगीर-चांपा।** कन्हाई बंद रेल अंडरब्रिज में सड़क मरम्मत एवं अन्य कार्य प्रगति पर है। जिसके कारण 31 मई तक अंडरब्रिज बंद रहेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत जांजगीर नैला–कापन स्टेशनों के मध्य किमी 677/31-678/01 में स्थित कन्हाई बंद रेल अंडरब्रिज पर सड़क आवागमन को और अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। उक्त कार्य के फलस्वरूप इस रेल अंडरब्रिज को दिनांक 10 मई से 25 मई तक सड़क यातायात के लिए पूर्णतः बंद रखा गया था। किन्तु कार्य के दौरान कुछ अतिरिक्त तकनीकी कार्य जुड़ जाने के कारण अब इस रेल अंडरब्रिज को सड़क यातायात हेतु 31 मई तक पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

### नवीन नगर पंचायत में 1 जून को होगा मतदान

# बम्हनीडीह में रात 12 बजे थमा चुनावी शोर, अब डोर टू डोर होगा प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के नवीन नगर पंचायत बम्हनीडीह में 1 जून को चुनाव होगा। प्रथम चुनाव को लेकर जहां मतदाताओं में उत्साह है, वहीं कांग्रेस और भाजपा भी जीत के लिए पूरी ताकत झोक रही है। शनिवार की रात 12 बजे चुनावी प्रचार का शोर थम गया। इसके बाद डोर टू डोर जनसंपर्क शुरू हो गया है।

नगर पंचायत बम्हनीडीह के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 5 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। वहीं 15 वार्ड के पार्षद के लिए 49 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। यहां कुल 4 हजार 3 सौ 90 मतदाता हैं, जो प्रत्याशीयो की किस्मत का फैसला करेंगे। चुनाव को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है और 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां 1 जून को सुबह 8 बजे से 5 बजे तक मतदान होगा। निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार 30 मई की मध्यरात्रि 12 बजे से चुनाव प्रचार पूर्णतः प्रतिबंधित हो चुका है। अब 31 मई एवं 1 जून को किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, नुक्कड़ सभा, भाषण, नारेबाजी, प्रचार वाहन, पोस्टर, बैनर, पर्चे वितरण, ध्वनि विस्तारक यंत्र अथवा अन्य चुनाव प्रचार गतिविधियां प्रतिबंधित हो गई हैं।



मतदान के लिए ईवीएम की कमिशनिंग करती टीम।

### गश्त कर वाहनों की जांच कर रही पुलिस

कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। थाना प्रभारी बम्हनीडीह दिलीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। मतदान केन्द्रों एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार गश्त और वाहनो की जांच की जा रही है। अवैध शस्त्र, शराब वितरण, धन प्रलोभन तथा निर्वाचन को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इधर निर्वाचन की सतत निगरानी एवं प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए 3 सेक्टर अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की गई है।

चुनावी प्रचार का शोर थमते ही प्रत्याशियों का डोर टू डोर सम्पर्क शुरू हो गया है। नगर पंचायत क्षेत्र के 15 वार्डों के लिए कुल 15 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतदान केन्द्रों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। निर्वाचन कार्य संपन्न कराने 15 मतदान दलों का गठन किया गया है। मतदान दलों का रेंडमाइजेशन तथा ईवीएम एवं निर्वाचन सामग्री की कमीशनिंग की कार्यवाही भी पूर्ण की जा चुकी है। मतदान का समय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। सभी मतदाता अपने साथ मतदाता परिचय पत्र अथवा निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य पहचान पत्र लेकर मतदान केन्द्र पहुच सकते हैं।

### दांव पर दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा

प्रथम चुनाव में अपनी पार्टी के प्रत्याशी की जीत के लिए कांग्रेस और भाजपा पूरी ताकत झोक रही है। दोनों ही पार्टी के नेताओं के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा का विषय माना जा रहा है। सत्ताधारी दल भाजपा के लिए जहां यह चुनाव सरकार के काम के रिजल्ट के रुप में देखा जा रहा है, वहीं क्षेत्र में सभी विधायक कांगेस के होने के कारण उनकी भी प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। भीषण गर्मी में नगर पंचायत बम्हनीडीह में होने वाले प्रथम चुनाव ने यहां सियासी पारा चढ़ा दिया है। दोनों ही पार्टी के दिग्गज नेताओ की सभाएं हो चुकी है। कांग्रेस की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत की सभा हुई है। वहीं नेताओं ने अपनी पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने रोड शो भी किया। इधर भाजपा से उप मुख्यमंत्री अरुण साव और मंत्री गुरु खुशवंत साहेब चुनावी सभा ले चुके हैं। प्रत्याशी और नेता लगातार मतदाताओं से सम्पर्क कर अपने पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। नौतपा की भीषण गर्मी में भी नेता जमकर पसीना बहा रहे हैं।

# कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण, ढाई हजार बोरी से अधिक खाद जब्त

### चांपा व पिसौद में उर्वरक निरीक्षकों की टीम की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के खाद दुकानों में औचक निरीक्षण की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में उर्वरक निरीक्षकों की टीम ने निजी कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान दो जगहों से 26 सौ 38 बोरी रसायनिक खाद की जब्ती बनाई गई।

शनिवार 30 मई को उर्वरक निरीक्षकों के दल ने थोक विक्रेता मेसर्स दिशा सेल्स चांपा में रासायनिक उर्वरकों के भण्डारण एवं वितरण में अनियमितता पाये जाने पर उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत 1150 बोरी एनपीके एसएसपी (दानेदार) 428 बोरी, एसएसपी (पावडर) 630 बोरी एवं जिंकेटेड एसएसपी 98 बोरी उर्वरक पर विक्रय प्रतिबंध एवं जब्ती की कारवाई की गई। तत्पश्चात ग्राम पिसौद विकासखण्ड बलौदा में राजकुमार साहू कृषि केन्द्र में झापेमार कारवाई करते हुये यूरिया 98 बोरी, जिंकेटेड एसएसपी 94 बोरी, ट्रिपल सुपर फास्फेट के 70 बोरी, एवं एनपीके का 70 बोरी उर्वरकों का अवैध भण्डारण पाये जाने पर जब्ती करते हुये विक्रय प्रतिष्ठान को सीलबंद की कारवाई की गई। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में किसानों को खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, कालाबाजारी एवं उर्वरकों के वितरण में अनियमितता को रोकने हेतु कृषि विभाग सतत रूप से जिले के सभी सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रो का निरीक्षण करते हुये कारवाई कर रही है एवं किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर आगे भी कठोर कारवाई की जावेगी।



खाद की जब्ती बनाने की कार्रवाई उर्वरक निरीक्षकों की टीम।

### अफसरों ने दी दबिश, 622 बोरी खाद जब्त



**सक्ती।** किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त खाद एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने तथा जिले में नकली खाद निर्माण, खाद की कालाबाजारी एवं निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री करने वाले व्यापारियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला एवं विकासखंड स्तरीय टीम द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। मेसर्स सूर्य ट्रेडर्स, ग्राम कांशीगढ़, देवांगन कृषि केंद्र रायपुरा तथा महमाया ट्रेडर्स रायपुरा के विक्रय स्थल एवं गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फर्म संचालकों द्वारा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संस्थानों को जप्ती एवं स्पष्टीकरण जारी किया गया। कृषि विभाग के उप संचालक तरुण कुमार प्रधान के मार्गदर्शन में जिला नोडल अधिकारी सुमान सिंह पैकरा, तहसीलदार जैजैपुर विद्याभूषण साव, उर्वरक निरीक्षक कृष्णा सिंह पैकरा एवं भरतलाल प्रधान द्वारा निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कांशीगढ़ स्थित मेसर्स सूर्य ट्रेडर्स के उर्वरक विक्रय लाइसेंस में दर्ज गोदाम के बजाय संचालक के निवास स्थल पर अवैध रूप से एसएसपी की 622 बोरी एवं डीएपी की 10 बोरी उर्वरक का भंडारण पाया गया। देवांगन कृषि केंद्र रायपुरा द्वारा स्कंध पंजी का संधारण नहीं किए जाने तथा किसानों को जारी किए जाने वाले बिलों में हस्ताक्षर नहीं पाए जाने पर स्पष्टीकरण जारी किया गया। इसी प्रकार महमाया ट्रेडर्स रायपुरा में भी अनियमितता पाए जाने पर संबंधित फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# आईपीएल मैच में सट्टा लगाने वाले 2 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**चांपा।** आईपीएल मैच में सट्टा लगाने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरप्तार किया है। दोनों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की कार्रवाई की गई है।

जुआ एवं सट्टा गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आईपीएल क्रिकेट मैच में हार - जीत पर रुपये का दांव लगाकर सट्टा संचालित कर रहे दो युवकों को अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना सायबर टीम थाना जांजगीर एवं चांपा पुलिस को मुखबिर सूचना मिली कि राजस्थान रॉयल्स एवं गुजरात के बीच खेले जा रहे मैच पर सट्टा लगाया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने अलग - अलग स्थानों पर दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जांजगीर थाना क्षेत्र के ग्राम धुरकोट से 25 वर्षीय नरेश धीवर को पकड़ा गया। वहीं चांपा के देवांगन मोहल्ला में दबिश देकर 22 वर्षीय रितिक देवांगन को गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 के तहत के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में थाना सायबर जांजगीर टीम सहित थाना प्रभारी चांपा अशोक वैष्णव, थाना जांजगीर से उप निरीक्षक बीएस लकड़ा सहित थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### इंस्ट्रागाम में दोस्ती कर दैहिक शोषण, गिरफ्तार

**मालखरौदा।** इंस्टाग्राम के माध्यम से युवती से संपर्क कर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता की पहचान इंस्टाग्राम के जरिए राकेश टंडन 26 वर्ष, निवासी थेम्हापारा जिला बिलासपुर से हुई थी। आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर 11 मई को सूनसान स्थान में ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद महाराष्ट्र के कराड-मलकापुर क्षेत्र में एक घर में रखा, जहां धमकी देकर लगातार शारीरिक शोषण किया गया। पुलिस ने आरोपी राकेश टंडन को गिरफ्तार कर 29 मई को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# कोटवार हत्याकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

गोरखपाली चर्चित कोटवार हत्या कांड के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में एक आरोपी और दो नाबालिग को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

- गोरखापाली में पुरानी रंजिश पर दिया था वारदात को अंजाम

गौरतलब है कि ग्राम गोरखापाली में 4 मार्च की सुबह डबरी तालाब के पास आनंद राम कुर्रे और कोटवार रथ राम गोंड खडे थे। इसी दौरान सुकदेव कुर्रे एवं 2 विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा हाथ में लकड़ी का बल्ली, कांड. लेकर आए और पुरानी रंजिश की बात को लेकर आनंद राम कुर्रे के साथ मिलकर कोटवार रथराम गोंड़ को गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। लकड़ी का बल्ली और कांड से हमला करते हुए कोटवार की हत्या कर दी। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में आरोपी आनंद राम कुर्रे को 8 मार्च को मालखरौदा से गिरफ्तार किया गया। वहीं वारदात में शामिल 2 विधि से संघर्षरत बालकों को भी पकड़कर 9 मई को पकड़ा गया। मामले में एक आरोपी सुकदेव कुर्रे फरार हो गया था। आरोपी को गिरफ्तार करने एसपी ने सख्त निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में आरोपी की सतत पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान 30 मई को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी सुकदेव कुर्रे को ग्राम गोरखापाली में आया है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सुकदेव कुर्रे को पकड़ लिया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने ग्राम गोरखापाली निवासी 32 वर्षीय सुकदेव कुर्रे को धारा 296, 351(3), 115(2), 109(1), 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रवीण राजपूत, सहायक उप निरीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक दामोदर जयसवाल, पुष्पेंद्र कंवर, आरक्षक सेतराम पटेल का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# 98 नशीले इंजेक्शन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित नशीली इंजेक्शन को ओडिशा से लाकर रायगढ़ में खपाने की तैयारी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 98 नशीली इंजेक्शन बरामद किए हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मरीन ड्राइव स्थित रोजगार कार्यालय के पास बड़ी मात्रा में नशीली इंजेक्शन लेकर बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे युवक को पकड़ा। पुलिस को देखकर संदिग्ध युवक भागने लगाए लेकिन जवानों ने उसे घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मनीष डंडरिया 22 वर्ष निवासी गंगानगर, बृजराजनगर बताया। वर्तमान में वह रायगढ़ के किरोड़ीमलनगर क्षेत्र में रह रहा था। तलाशी के दौरान उसके पास से 98 नग प्रतिबंधित एनआरएक्स पेंटाजोसिन लैक्टेट, जोक्सीफिक्स इंजेक्शन बरामद किए गए, जिनकी कीमत करीब 5 हजार 953 रुपए आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने इंजेक्शनों को बिक्री करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने जब्ती की कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### लोन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी का आरोप

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र में महिलाओं के एक समूह ने गांव के ही एक व्यक्ति पर बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। मामले में महिलाओं ने सामूहिक रूप से लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर महिलाओं ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी लिखित शिकायत सौंपी है। इस शिकायत के अनुसार ग्राम तेंगरापाली निवासी राजन चौहान पर ने स्वयं को बैंक से जुड़ा बताकर महिलाओं को आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि लोन स्वीकृत कराने के नाम पर अलग.अलग महिलाओं से 20 हजार से 1.50 लाख रुपए तक की रकम ली गई।

# शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा महंगा, 18 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खास बात**
- ड्रिक एंड ड्राईव के मामले में न्यायालय ने दिया अर्थदंड

शराब पीकर वाहन चलाना माजदा चालक को महंगा पड़ गया। यातायात पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव पर कार्रवाई करते हुए माजदा चालक को पकड़कर न्यायालय में पेश किया। कोर्ट से ड्राइवर को 18 हजार रुपए का जुर्माना किया गया।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने जिले में पुलिस द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार जांच और कार्रवाई की जा रही है। विशेष अभियान के तहत 29 मई को वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक मजदा वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए जा रहा था। मौके पर निरीक्षक सुभाष चौबे यातायात अपने टीम के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। शराबी वाहन चालक को देखकर निरीक्षक द्वारा माजदा वाहन के चालक को पकड़ा गया। माजदा चालक द्वारा शराब पीकर, बिना लायसेंस के तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण उसके खिलाफ कार्रवाई की गई। वाहन को जप्त चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के उपरांत न्यायालय द्वारा चालक को 18 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ड्रिंक एंड ड्राइव न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि स्वयं एवं अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के जीवन को गंभीर खतरे में डालने वाला कृत्य भी है। ऐसे मामलों में आगे भी निरंतर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। यातायात पुलिस सभी वाहन चालकों से अपील करती है कि शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाएं।वहीं सड़क दुर्घटना में कमी लाने और सुव्यवस्थित यातायात के लिए नाबालिक को वाहन चलाने न देने, मोटर सायकल में ट्रिपल सवारी नहीं चलाने, यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करने, कार में सीट बेल्ट एवं बाइक में हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाकर स्वयं तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

### शहर सहित अंचल हुआ तरबतर, वातावरण में आई ठंडकता

# तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश, बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शनिवार की देर शाम मौसम का मिजाज अचानक बदला। तेज हवाओं और गरज चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। जिससे शहर सहित पूरा अंचल तर बतर हो गया। इधर मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही चरमराई बिजली सप्लाई व्यवस्था ठप हो गई।

मई महीने में पड़ रही गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। वहीं शनिवार 30 मई की शाम मौसम ने करवट ली। आसमान पर काले बादल छाने लगे। देर शाम धूल भरी आंधी चली। इसके साथ ही गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। शहर सहित पूरे अंचल में देर रात तक रूक-रूककर बारिश होती रही। बारिश के साथ मौसम में ठंडकता आ गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं दूसरी ओर मौसम का मिजाज बदलते ही जिले की चरमराई बिजली सप्लाई व्यवस्था ठप हो गई। जिला मुख्यालय में ही बारिश शुरू होते ही बिजली गुल हो गई। ऐसे में लोगों को भारी परेशानी हुई। ग्रामीण इलाकों में तो बिजली सप्लाई व्यवस्था घंटों बाधित रही। ग्रामीण देर रात तक हलाकान होते रहे।



शाम के बाद शहर में हुई बारिश।

### रबी फसल की कटाई करने वाले किसान परेशान

शनिवार 30 मई की शाम मौसम के बदले मिजाज ने रबी फसल लगाने वाले किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। जिले में इस बार नवागढ़, अकलतरा, पामगढ़ और बलौदा, बम्हनीडीह ब्लाक के अधिकांश गांवों में ग्रीष्मकालीन धान की खेती की गई है। जिसे समेटने का काम अंतिम चरण में है। ऐसे में आखिरी दिनों में हुई बारिश ने किसानों की परेशानी और भी बढा दी है। कई किसानों के धान खेत में है तो खेत से लाए गए धान खलिहान में पडे हुए है। ऐसे में खून पसीने की कमाई धान को बारिश से बचाने किसान मशक्कत करते रहे।

# खाद दुकानों पर कृषि विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई, दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा आज जिले के विभिन्न सहकारी एवं निजी उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर संचालित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त खाद-बीज उपलब्ध कराना एवं किसी भी प्रकार की कालाबाजारी और अनियमितता पर रोक लगाना है।

अलग खबर

कृषि विभाग के उप संचालक डीपीएस कंवर ने बताया कि खरीफ 2026 के लिए विभाग ने विशेष सतर्कता अपनाई है। 29 मई को किए गए निरीक्षण में कुल 18 दुकानों की जांच की गई, जिनमें 6 दुकानों में अनियमितता पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। एक दुकान पर विक्रय प्रतिबंध लगाया गया एवं सिद्धी विनायक ट्रेड्स, सिरली (पाली) से 56 बोरी यूरिया जप्त की गई। 1 अप्रैल से अब तक जिले के 115 सहकारी एवं निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा चुका है। इसमें अनियमितता पाए जाने पर 28 दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, 5 निजी दुकानों पर 21 दिनों के लिए विक्रय प्रतिबंध लगाया गया तथा सिरली (पाली) स्थित सिद्धी विनायक ट्रेड्स से अवैध रूप से भंडारित 56 बोरी यूरिया की जप्ती की गई। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे खाद खरीदते समय दुकानदार से पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें। यदि कोई दुकानदार निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूलता है या बिल देने से मना करता है, तो इसकी शिकायत तुरंत संबंधित विकासखंड कृषि अधिकारी या जिला स्तर के कंट्रोल रूम में दर्ज कराएं। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु जिले में उर्वरक दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण एवं कठोर निगरानी अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा।

**नियम उल्लंघन पर दुकानें सील व नोटिस जारी**



## खबर संक्षेप



### डाक विभाग में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन की मिल रही सुविधा

**कोरबा।** भारतीय डाक विभाग द्वारा ग्राम पंचायत भवन कटघोरा में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन मुहैया कराने हेतु विशेष आधार शिविर का आयोजन 30 मई को किया जा रहा है। इस शिविर में समस्त आम नागरिक अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं। साथ ही पुराने आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का सुधार, अपडेशन, पता, मोबाइल नंबर, जन्म तिथि, नाम, बायोमेट्रिक अपडेशन, ईमेल अपडेशन आदि का कार्य करवा सकते हैं। चूँकि बच्चों का 5 एवं 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपडेशन अनिवार्य है, अपने बच्चों का भी बायोमेट्रिक अपडेशन करवा सकते हैं।

### सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा की तारीख घोषित

**कोरबा।** रायपुर भारतीय सेना में भर्ती वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेस एग्जाम की तारीख सेना कार्यालय रायपुर द्वारा घोषित कर दी गई है। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 1 जून से 5 जून और 8 जून से 12 जून को निर्धारित 5 शहरों भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर के 10 केन्द्रों में आयोजित की जायेगी। प्रत्येक दिन ऑनलाईन परीक्षा 3/4 शिफ्ट में आयोजित की जायेगी। प्रवेश पत्र जारी होने शुरू हो गये हैं। उम्मीदवार अपना प्रवेश पत्र भारतीय सेना के वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे एडमिट कार्ड पर दिए गये सभी निर्देशों का पालन करें और समय पर अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी 27 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा।** आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु जिले के अभ्यर्थी/अभिभावक अपने क्षेत्र के प्राचार्य, प्रधानपाठक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर 27 जून तक कार्यालयीन समय में आवेदन प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं।

### मतगणना स्थल क्षेत्र में शराब दुकानें रहेंगी बंद

**कोरबा।** नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन के लिए मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। जिसके अनुसार नगरपालिकाओं हेतु मतदान 1 जून तथा मतगणना 4 जून एवं त्रिस्तरीय पंचायतों हेतु मतदान 1 जून तथा मतगणना, मतदान के पश्चात उसी अवधी को निर्धारित है। जारी आदेश के अनुसार 30 मई से 1 जून तक-विकासखंड कोरबा अंतर्गत कंपोजिट देशी मदिरा दुकान एवं विदेशी मदिरा दुकान रजगामार विकासखंड करतला अंतर्गत कंपोजिट देशी मदिरा दुकान उमरेली, नगर पालिका परिषद दीपका अंतर्गत देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान दीपका, एफएल 3 होटल अंजनी बार दीपका बंद रहेगी। इसी तरह 4 जून को मतगणना समाप्ति तक दे शी एवं विदेशी मदिरा दुकान दीपका, एफएल 3 होटल अंजनी बार दीपका बंद रहेगी।

### देवजीत ने मर्दानी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**कोरबा।** साउथ एशिया मर्दानी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप जो कि असम में आयोजित था जिसमें देवजीत कौशिक छात्र सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल दीपका पिता खगेन्द्र कौशिक प्रधानपाठक कन्या आश्रम सिरकीखुर्द ने गोल्ड मेडल जीतकर जिले को गौरव प्रदान किया है।

## चैतमा चौकी क्षेत्र के कांजीपानी का मामला

# नए मोबाइल के लिए किशोरी चढ़ गई तेंदू पेड़ पर, चला हाईवोल्टेज ड्रामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्मार्टफोन की लत और बच्चों में बढ़ते गुस्से का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक 16 साल की किशोरी का मोबाइल फोन टूटकर खराब हो गया था, जिसके बाद वह नया मोबाइल लेने की जिद पर अड़ गई। मां द्वारा नया फोन दिलाने से मना करने और डांट लगाने से नाराज होकर किशोरी गांव के पास ही एक ऊंचे तेंदू के पेड़ पर चढ़ गई और घंटों हाईवोल्टेज ड्रामा किया। पुलिस को जब इसकी सूचना मिली तो पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद उसे नीचे उतारा गया। मामला चैतमा चौकी क्षेत्र के ग्राम कांजीपानी की है। मूलतः ग्राम सपलवा में रहने वाली पवरिया बाई की 16 वर्षीय पुत्री अपनी मां के साथ एक माह से चैतमा चौकी के कांजीपानी में अपनी मौसी ऋतु धनवार के घर रहती है। बताया जात है कि 16 वर्षीय किशोरी की मोबाइल टूट गया था जिसे लेकर किशोरी नया मोबाइल लेने के लिए अपनी मां से जिद कर रही थी। जब मां ने उसे फटकार लगाई तो शुक्रवार की दोपहर लगभग 2 बजे किशोरी अपने गांव कांजीपानी के समीप ही एक विशालकाय तेंदूपेड़ के ऊंची चोटी पर चढ़कर बैठ गई थी। जब ग्रामीणों ने उसे नीचे उतरने को कहा, तो उसने हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। अनहोनी की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पाली थाना प्रभारी नागेश तिवारी, चैतमा चौकी प्रभारी अफसर खान दल बल सहित मौके पर पहुंचे और लगभग ढाई घंटे के मशक्कत के बाद शाम 4.30 बजे पेड़ से नीचे उतारा गया और परिजनों के सुपुर्द किया गया। बताया जाता है कि किशोरी के पिता पहले ही निधन हो गया है।

**खास बात**

- पुराना मोबाइल फोन टूटने पर नया फोन दिलाने की कर रही थी मांग



लाल घेरे में पेड़ पर चढ़ी किशोरी।

# कामबंद, कलमबंद हड़ताल पर गए जिले के तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सूरजपुर जिले में विधायक के द्वारा नायब तहसीलदार के साथ की गई मारपीट घटना के विरोध में प्रदेश के नायब तहसीलदार कामबंद, कलमबंद हड़ताल पर चले गए हैं। इसी कड़ी में जिले के सभी 10 तहसील, उप तहसील में पदस्थ तहसीलदार व नायब तहसीलदार के भी शुक्रवार से काम बंद, कलम बंद हड़ताल पर चले जाने से सभी तहसीलों का काम ठप्प पड़ गया है।

सूरजपुर घटना में विधायक के द्वारा नायब तहसीलदार के साथ मारपीट किये जाने को लेकर विधायक के खिलाफ एफआईआर और गिरफ्तारी की मांग को लेकर राजपत्रित अधिकारी संघ का सूरजपुर में चल रहा आंदोलन अब प्रदेशव्यापी हो गया है। प्रदेशभर के सभी तहसीलदार कामबंद, कलमबंद हड़ताल की शुरुआत कर दी है। जिले में इस हड़ताल का व्यापक असर शुक्रवार से ही नजर आने लगा। जब सभी दस तहसील व उपतहसील में आम पक्षकार अपने काम के लिए तहसीलदारों से मिलने पहुंचे तो उनके हड़ताल पर चले जाने की जानकारी पक्षकारों को मिलने के बाद बिना काम के बैरंग लौट गए। राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष केके लहरे ने बताया कि सूरजपुर घटना का विरोध किया जा रहा है। प्रदेशव्यापी हड़ताल में जिले के सभी तहसीलों के तहसीलदार व नायब तहसीलदार शामिल हैं केवल कामबंद, कलमबंद हड़ताल की गई है। यह हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक कि विधायक के विरुद्ध एफआईआर नहीं हो जाती है। प्रदेश संघ के आहवान पर हड़ताल पर गये हैं। जिले के कोरबा, दर्री, कटघोरा, अजगरबहार, पोड़ीउपरोड़ा, हरदीबाजार, दीपका, पाली, पसान, भैसमा तहसीलों में आज किसी तरह के कामकाज नहीं हुए। आम पक्षकारों के वापस लौट जाने से तहसीलकार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। सुशासन तिहार के दौरान जब गांव गांव अधिकारियों की टीम पहुंचकर शिविर लगा रही है जहां आम ग्रामीणों की विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का निराकरण हो रहा है ऐसे सुशासन तिहार शिविर के दौरान राजस्व अमले का हड़ताल पर जाना कहीं ना कहीं काम को प्रभावित करता है। सुशासन तिहार के शिविर में राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतों पर कौन संज्ञान लेगा।

**खास बातें**

- सूरजपुर घटना का विरोध, विधायक की गिरफ्तारी तक जारी रहेगी हड़ताल




फाइल फोटो

# कोरबा के विकास के लिए फंड की नहीं है कमी : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा के विकास के लिये फण्ड की कोई कमी नहीं हो रही है तथा करोड़ों रूपये के विकास कार्य लगभग हर वार्ड में हो रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान हमारी सरकार ने जो वायदें किये थे, उन सभी वायदों को व मोदी की गारंटी को पूरा किया गया हैं, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के सभी वर्ग के लोगों को लाभान्वित कराया जा रहा है। महापौर लगातार सक्रियता के साथ कार्य कर रही हैं, लोगों की समस्याएं सुन रही हैं, उनका निराकरण करा रही हैं, तो दूसरी ओर लगातार विकास कार्य भी निगम क्षेत्र में हो रहे हैं।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने नगर निगम के 9 वार्डों में 1 करोड़ 80 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण के दौरान कही। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत उपस्थित रहीं। वार्ड क्र. 7 में 7 लाख 95 हजार रूपये की लागत से पेवर ब्लाक बिछाने का कार्य, वार्ड क्र. 7 में 5 लाख रूपये की लागत से मंच निर्माण, वार्ड क्र. 6 में 1 लाख 86 हजार रूपये की लागत से बालिका शौचालय का निर्माण, वार्ड क्र. 8 20 लाख रूपये की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य, वार्ड क्र. 1 में 8 लाख 7 हजार रूपये की लागत से अतिरिक्त कक्ष का निर्माण, वार्ड क्र. 5 इंदिरा नगर में 15 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण, वार्ड क्र. 14 में 7 लाख रूपये की लागत से शौचालय एवं अतिरिक्त सुविधा का कार्य, वार्ड क्र.2 में 25 लाख रूपये की लागत से डोम एवं सामुदायिक भवन निर्माण तथा वार्ड क्र.1 में 19 लाख 56 हजार रूपये की लागत से ओव्हरब्रिज सौंदर्यीकरण का कार्य सहित विभिन्न वार्डों में विकास कार्य कराया जाना है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किये गये अपने हर वायदें को पूरा कर रही हैं, प्रदेश की 70 लाख बहनों को प्रतिमाह 1 हजार रूपये दिया जा रहा है तथा जो-जो घोषणाएं की गई थी, वे सभी पूरी की जा रही हैं। उन्होने कहा कि विगत 10-11 वर्ष पूर्व से कोरबा विकास में पिछड़ गया था, किन्तु अब निगम क्षेत्र में विकास को तेज गति व सही दिशा मिली हैं, उद्योग मंत्री श्री देवांगन के विकास के लिये लगातार कार्य कर रहे हैं।



# बालको ने विभिन्न वार्डों में सुनिश्चित की पेयजल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भीषण गर्मी के दौरान जल संकट से जूझ रहे समुदाय के लिए भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वार्ड क्रमांक 40, 41 एवं 42 में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर राहत प्रदान की। कंपनी द्वारा किए गए इस प्रयास से स्थानीय निवासियों को गर्मी के कठिन समय में बड़ी राहत मिल रही है।

वार्ड क्रमांक 42 के पार्षद सतेंद्र दुबे ने बालको की इस पहल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के समय बालको द्वारा विभिन्न वार्डों में जल आपूर्ति की व्यवस्था करना एक सराहनीय कार्य है। इससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है। बालको 3हमेशा समुदाय की आवश्यकताओं को समझते हुए सहयोग के लिए आगे आता है, जिसके लिए मैं कंपनी का आभार व्यक्त करता हूं। बालको की यह पहल समुदाय के प्रति कंपनी की सामाजिक प्रतिबद्धता और जनकल्याण के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाती है। नियमित जल आपूर्ति के माध्यम से अनेक परिवारों को जल समस्या से राहत मिली है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि कंपनी ने समय पर सहयोग देकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का प्रभावी निर्वहन किया है।



### 12वीं री-इवैल्यूएशन प्रक्रिया टली, 1 जून से खुलेगा पोर्टल

**कोरबा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए री-इवैल्यूएशन और मार्क्स वेरिफिकेशन प्रक्रिया की तिथि आगे बढ़ा दी है। पहले यह प्रक्रिया 29 मई से शुरू होनी थी, लेकिन तकनीकी समस्याओं और भारी संख्या में आने वाले आवेदनों को देखते हुए अब पोर्टल 1 जून से खोला जाएगा। बोर्ड द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, पोर्टल को अधिक सक्षम और सुचारु बनाने पर काम किया जा रहा है ताकि छात्रों को आवेदन के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। छात्र 1 जून से सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से मार्क्स वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस वर्ष सीबीएसई ने पहली बार ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम लागू किया है। इसी के बाद देशभर से कई छात्रों और अभिभावकों ने शिकायतें दर्ज कराईं कि नए सिस्टम की वजह से अपेक्षा से कम अंक मिले हैं। 19 मई से री-इवैल्यूएशन और स्कैन कॉपी प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन कुछ ही घंटों में वेबसाइट पर भारी ट्रैफिक बढ़ गया। शुरुआती तीन घंटों में ही करीब 1.26 लाख आवेदन पहुंचे, जिसके चलते सर्वर बार-बार डाउन होने लगा।

### तालाब में नहाने गया युवक डूबा, मौत

**कोरबा।** उरगा थाना अंतर्गत सेमीपाली में गुरुवार की दोपहर गांव का युवक गांव से लगे तालाब में नहाने गया था, युवक के अलावा अन्य गांव के लोग नहाने गये हुए थे। सभी एक के बाद एक तालाब में छलांग लगा रहे थे। इसी तरह एक युवक तालाब में छलांग लगाया और गहरे पानी चला गया और डूब गया। नहा रहे अन्य लोगों ने उसे ढूंढने का प्रयास किया लेकिन तब तक युवक पानी में डूब चुका था कुछ देर बाद युवक को जब तालाब से बाहर निकाला तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार ग्राम सेमीपाली निवासी बजरंग कंवर उम्र 37 साल अपने साथियों के साथ गांव के समीप तालाब में नहाने गये हुए थे। नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब जाने से बजरंग की मौत हो गई। परिजनों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुचे जहाँ चिकित्सकों ने बजरंग को मृत घोषित कर दिया। मामले में जिला अस्पताल के चौकी पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर जांच शुरु कर दी है।

### भीषण गर्मी में बढ़ी डिमांड, केंद्रीय पुल से खरीदनी पड़ रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ बिजली के मामले में आत्मनिर्भर और पावर सरप्लस राज्य है, यह सोच अगर सही मानी जाती है तो 25 मई की शाम का लाइव डेटा इस भ्रम को तोड़ देता है। पूरे प्रदेश में जब तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया था, तब ग्रिड पर बिजली की मांग 5921 मेगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर थी। राज्य के सरकारी पावर प्लांट, जिनकी स्थापित क्षमता 2960 मेगावाट है, उस समय केवल 2107 मेगावाट यानी करीब 71 प्रतिशत ही उत्पादन कर पाए। इस बीच जांजगीर के पास स्थित 1000 मेगावाट क्षमता का मड़वा प्लांट 95 प्रतिशत लोड पर 951 मेगावाट बिजली देकर सिस्टम को संभालता नजर आया। वहीं 1340 मेगावाट क्षमता वाले कोरबा वेस्ट की दो यूनिट बंद रहने से दोनों इकाइयों का उत्पादन शून्य रहा। हसदेव बांगो हाइड्रो पावर स्टेशन का हाल भी खराब रहा, जहां पीक आवर में भी उत्पादन शून्य दर्ज हुआ। नतीजतन राज्य को 3395 मेगावाट बिजली निजी कंपनियों और केंद्रीय पुल से महंगे दरों पर खरीदनी पड़ी, जिससे आगे बिल बढ़ने की आशंका है। कोरबा वेस्ट की 210 मेगावाट वाली इकाइयां करीब तीन दशक पुरानी हो चुकी हैं। समय पर ओवरहॉलिंग न होने से बॉयलर ट्यूब लीकेज और टरबाइन वाइब्रेशन की समस्याएं आम हो गई हैं। जानकार बताते हैं कि मड़वा को छोड़कर अन्य सरकारी प्लांट को मिलने वाले कोयले में ऐश कंटेंट (राख की मात्रा) 40 प्रतिशत से अधिक है। खराब कोयले के कारण यूनिट बार-बार ट्रिप होती है।

**सर्व संबंधित सूचना**

मेसर्स सौम्या मिनरल्स बिरगहनी, प्रो-सूर्यकांत साहू ग्राम-बिरगहनी तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के खसरा क्रमांक 71/3, 71/4, 71/5, 82/2, 83/2 एवं 84, के रकबा- 1.392 हेक्टेयर में 24745.99 टन प्रतिवर्ष उत्खनन हेतु राज्य स्तर पर्यावरण निर्धारण प्राधिकरण (छ.ग.) से पर्यावरण स्वीकृति दिनांक-25/05/2026 को प्राप्त हो गई हैं। पर्यावरण स्वीकृति पत्र की प्रतिया सचिवालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में अवलोकन हेतु उपलब्ध हैं, इसका अवलोकन एस.ई.आई.ए.ए छत्तीसगढ़ के वेबसाइट parivesh.nic.in में किया जा सकता है।

प्रेषक
मेसर्स सौम्या मिनरल्स
बिरगहनी
प्रो- सूर्यकांत साहू

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम मुड़पार प.ह.नं. 9 रा.नि.मं. व तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में अवस्थित भूमि ख.नं. 977/2, में शामिल ख.नं. 982/22 रकबा 0.36 एकड़ ख.नं. 966/2 रकबा 0.06 एकड़ एवं ख.नं. 976 रकबा 0.22 एकड भूमि सुदर्शन प्रकाश पिता सुखदेव जाति सतनामी ग्राम मुड़पार के नाम पर अवस्थित है। जिसे मेरे पक्षकार सनत कुमार केशरवानी पिता स्व. नंदबाबा जाति बनिया सा. खरौद तह. पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है एवं बतौर बयाना के तौर पर 300000/-तीन लाख रुपये दिया गया है जो कि निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना है। उक्त भूमि के संबंध में कोई व्यक्ति, संस्था, बैंक या कोई भी दावा आपत्ति करना चाहते है तो वह आज दिनांक से 15 दिवस के अंदर दावा आपत्ति कर सकता है।
सो सूचना जाने।

गजेन्द्र बंजारे
अधिवक्ता
शिवरीनारायण
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)
मो. नं. 9993318094

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम मुड़पार प.ह.नं. 9 रा.नि.मं. व तहसील शिवरीनारायण जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में अवस्थित भूमि ख.नं. 1266/1 रकबा 0.202 हे. भूमि दिगम्बर पिता प्यारेलाल जाति तेली सा. मुड़पार तह. शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के नाम पर अवस्थित है। जिसे मेरे पक्षकार सनत कुमार केशरवानी पिता स्व. नंदबाबा केशरवानी जाति बनिया सा. साकिन खरौद तह. पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा क्रय किये जाने हेतु पक्का सौदा किया गया है जो कि निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना है। जिसमें बतौर बयाना के तौर पर 10000/- दस हजार रुपये दिया गया है। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक एवं कोई भी दावा आपत्ति करना चाहता है तो वह आज दिनांक से 15 दिवस के अन्दर कर सकता है। सो सूचना जाने।

गजेन्द्र बंजारे
अधिवक्ता
शिवरीनारायण
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)
मो. नं. 9993318094

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# आजकल बच्चों वाली फिल्में कम बनती हैं : जैकी

**मुंबई।** अभिनेता जैकी श्रॉफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो - एलियंस का आगमन'को लेकर चर्चाओं में हैं। जैकी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह बच्चों के लिए बनी एक फन लविंग फिल्म है। इस बीच जैकी श्रॉफ ने कहा कि यह शैली उनके दिल के बेहद करीब है, क्योंकि यह मेनस्ट्रीम सिनेमा से गायब एक खास पहलू को छूती है। एक बातचीत के दौरान जैकी श्रॉफ ने फिल्म को लेकर कहा कि आजकल बच्चों की फिल्में बहुत कम बनती हैं और अगर कोई फिल्म बच्चों, उनके सपनों, उनकी मासूमियत के बारे में हो तो मुझे उसे पर्दे पर उतारना अच्छा लगता है। फिल्मों में हमें ये सब देखने को नहीं मिलता। मैं हर तरह की फिल्में करता हूं, लेकिन यह शैली मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि हम सभी के अंदर एक बच्चा छिपा होता है। बचपन में अथर्ववेद, आयुर्वेद, ऋग्वेद पढ़ने के बजाय, हम 'जैक एंड जिल वेंट अप द हिल', 'रिंग-ए-रिंग-ए-रोजेज' और 'अलादीन' पढ़ते थे। हम उन चीजों के बारे में नहीं सीख रहे हैं जो वास्तव में भारतीय हैं। मुझे लगता है कि ये वो चीजें हैं, जो हमने बचपन में खो दीं।

लाइफ Style

# कियारा

## 'किसी से हाय-हेलो मत करना'

एक्टर यश और कियारा आडवाणी जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स'में नजर आने वाली हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने इस फिल्म के अनुभव के बारे में खुलकर बात की। एक इंटरव्यू में कियारा ने बताया कि फिल्म की डायरेक्टर गीतू मोहनदास ने उनसे सेट पर एक खास बात के लिए कहा था। उन्होंने कहा, 'गीतू ने मुझसे कहा कि जब तुम कल सेट पर आओ, तो मैं चाहती हूं कि तुम अपने किरदार में ही रहो।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मैं आमतौर पर सेट पर जाते ही सबसे हाय, हेलो, गुड मॉर्निंग कहती हूं, मैं वैसी ही इंसान हूं। लेकिन, उन्होंने मुझसे साफ कहा कि मुझे कोई फॉर्मेलिटी नहीं चाहिए। मैं चाहती हूं कि तुम सीधे अपने किरदार के जोन में आओ। किसी से 'हाय-हेलो'मत करना, अपनी टीम से भी नहीं, बस पूरे दिन उसी जोन में रहना।' कियारा आडवाणी ने यह भी माना कि इस फिल्म पर काम करना उनके लिए काफी 'चैलेंजिंगरहा, क्योंकि उन्हें कन्नड़ भाषा में भी शूट करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'कन्नड़ में काम करना मेरे लिए नया अनुभव था। मैं कहूंगी कि 'टॉक्सिक'मेरे लिए इसलिए भी मुश्किल रही क्योंकि पहली बार हमने एक ही सीन को अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों में शूट किया। पहले हम उस सीन को अंग्रेजी में करते थे, जब तक परफेक्ट टेक नहीं मिल जाता। उसके बाद उसी सीन को कन्नड़ में शूट करते थे।' कियारा ने आगे बताया, 'मेरे लिए कन्नड़ मेरी भाषा नहीं है, इसलिए मुझे अपने डायलॉग्स एक रात पहले ही रटने पड़ते थे।'बता दें कि केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बनी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' में यश, नयनतारा, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म पहले 4 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक बार फिर टाल दिया गया है। फिलहाल फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।



हॉलीवुड मसाला



# जॉन रैम्बो में मुख्य भूमिका निभाएंगे नोआ

**लॉस एंजिल्स।** सिल्वेस्टर स्टेलोन की मशहूर फिल्म रैम्बो सीरीज की अगली फिल्म जॉन रैम्बो जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। शुक्रवार को निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन नहीं, बल्कि नोआ सेंटिनियो मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'जॉन रैम्बो' फिल्म 'रैम्बो' के शुरुआती दिनों की कहानी दिखाएगी, जो 1982 में आई इस सीरीज की पहली फिल्म 'फर्स्ट ब्लड' से भी पहले के समय पर आधारित है। 'जॉन रैम्बो' 4 जून, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका नोआ सेंटिनियो निभाएंगे। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन की जगह अब नोआ सेंटिनियो मुख्य किरदार 'जॉनी रैम्बो' के रूप में नजर आएंगे। इस फिल्म में डेविड हार्बर 'मेजर ट्रॉटमैन' की भूमिका निभाएंगे। उनके साथ जेम्स फ्रैंको, जेसन टोबिन और क्विंसी यशायाह जैसे कई बाकी कलाकार भी अहम रोल में दिखेंगे।



# तलाक के बाद जेनिफर ने हटवाया बेन का टैटू

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर और एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज की एक फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। जिसके बाद से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि उन्होंने अपने एक्स-हसबैंड बेन एफ्लेक के नाम वाला टैटू कवर कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेनिफर ने मेमोरियल डे के मौके पर अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज का दिन मैं अपने करीबियों के साथ बिता रही हूं। सभी को हैप्पी मेमोरियल डे।'इन तस्वीरों में से एक में वह अपने बेटे मैक्सिमिलियन 'मैक्स'मुनिज के साथ नजर आईं, जो उनके और उनके एक्स-हसबैंड मार्क एंथनी के बेटे हैं। इस फैमिली गैदरिंग के दौरान जेनिफर ने बैकलेस ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें उनका टैटू साफ दिखाई दे रहा था। पहले इस टैटू में एक इन्फिनिटी साइन था, जिसमें जेनिफर और बेन दोनों के नाम लिखे थे और उसके ऊपर एक एरो बना था। लेकिन, अब जो तस्वीर सामने आई है, उसमें जेनिफर नाम तो दिख रहा है, लेकिन बेन का नाम कवर किया हुआ नजर आ रहा है। जेनिफर ने यह टैटू फरवरी 2023 में वैलेंटाइन डे के मौके पर दिखाया था, जब वह और बेन एफ्लेक शादी के बाद अपना पहला वैलेंटाइन मना रहे थे। उस समय उन्होंने लिखा था, 'कमिटमेंट... हैप्पी वैलेंटाइंस डे माय लव।



# पिरामिड स्कीम का ट्रेलर रिलीज नए अंदाज में दिखे शेखर


**नई दिल्ली।** सीरीज 'द पिरामिड स्कीम' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। सीरीज के ट्रेलर में बिजनेस के जरिए अपने सपनों और कामयाबी हासिल करने की ख्वाहिश लिए कुछ किरदार नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में करोड़पति बनने के रास्ते में आने वाले उतार-चढ़ावों को मजाकिया अंदाज में दिखाया गया है। कभी न कभी नेटवर्क मार्केटिंग से सभी का सामना होता है। कोई मजबूरी में इस काम से जुड़ता है तो कोई इसकी चकाचौंध देख कर। ट्रेलर में एक लड़का दिखाया गया है, जो पिता से अपने बिजनेस के लिए पैसे मांग रहा है। मगर पिता दे नहीं रहे हैं। इस लड़के के अलावा सीरीज में एक बिजनेसमैन भी है, जो नेटवर्क मार्केटिंग के बिजनेस के सपने लोगों को दिखाता है। अभिनेता शेखर सुमन को आखिरी बार सीरीज 'हीरामंडी' में देखा गया था। इसके बाद अब वो 'द पिरामिड स्कीम' सीरीज में दिखाई देंगे।



# अली स्टारर राख की रिलीज डेट आई सामने

**मुंबई।** अली फजल और सोनाली बेंद्रे स्टारर आगामी इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर सीरीज 'राख'की रिलीज डेट अब सामने आ गई है। मेकर्स की ओर से सोशल मीडिया पर सीरीज से अली फजल का एक पोस्टर साझा किया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट भी घोषित कर दी है। पोस्टर में अली फजल पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं। उनके सामने एक लाश जैसी पड़ी मालूम हो रही। अली काफी इंटेंस और परेशान नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'दबे हुए सच हमेशा अपना रास्ता खोज ही लेते हैं।' राख 12 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। राख एक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा सीरीज है, जो अपराधी की मानसिकता और आम जिंदगी के पीछे छिपे डार्कनेस को दिखाती है। जब दो लड़के अचानक गायब हो जाते हैं, तो एक खुशहाल परिवार टूट जाता है और पूरा शहर दहशत में आ जाता है।

टीवी मसाला



# अगर आप कोई स्टार नहीं हैं तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस और इंटरनेट पर्सनैलिटी उर्फी जावेद अक्सर अजीब ड्रेस पहनने को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने मुश्किल सफर के बारे में बात की है। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया से उनकी जिंदगी बदलने से पहले, उनके टेलीविजन के दिन कितने मुश्किल थे। सोहा अली खान के पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान, उर्फी ने बताया मुश्किलों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने हमेशा एक स्टार बनने और मुंबई में एक आरामदायक जिंदगी जीने का सपना देखा था। उन्होंने बताया कि वह अपने जालिम पिता से बचने के लिए घर से भाग गई थीं। उर्फी ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन देने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हो गया कि इंडस्ट्री में बिना किसी जान-पहचान के मौके मिलना बहुत मुश्किल है। इसके बाद उन्होंने यह सोचकर टेलीविजन का रुख किया, कि वहां काम मिलना शायद आसान होगा। हालांकि ऐसा नहीं था। टीवी में उन्हें अक्सर साइड रोल ही मिले। टेलीविजन इंडस्ट्री में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उर्फी ने कहा, 'अगर आप कोई स्टार नहीं हैं या लीड रोल में नहीं हैं, तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता। अगर आप कोई साइड कैरेक्टर हैं, तो आपके साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता।'

## अर्चना ने समीरा के बगीचे से तोड़े काजू

**नई दिल्ली।** समीरा रेड्डी उन फिल्मी सितारों में से एक हैं जो मुंबई की चकाचौंध से दूर गोवा में सुकून भरी जिंदगी जीने में यकीन करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह अपने परिवार के साथ समीरा रेड्डी के घर घूमने पहुंचीं। इस दौरान अर्चना ने पहली बार अपने हाथ से काजू तोड़े जिसे संभालकर रखने की बात करती दिखीं। अर्चना पूरन सिंह ने समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में अर्चना समीरा के गार्डन से ऑर्गैनिक रियल काजू तोड़कर बेहद खुश नजर आ रही हैं। वो कह रही हैं कि ये काजू वो हमेशा अपने साथ एक याद के तौर पर रखेंगी। वीडियो में अर्चना अपने परिवार के साथ समीरा के गार्डन में दिख रही हैं। शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि अर्चना पूरन सिंह पूरे परिवार के साथ समीरा के बगीचे में काजू का फल तोड़ती हैं जबकि समीरा उन्हें इस मजेदार अनुभव के बारे में बताती हैं। वहीं, अर्चना कहती हैं कि इसे वो खास याद के तौर पर रखेंगी। उसी बीच अर्चना के पति परमीत सेठी याद दिलाते हैं कि भारती सिंह के बेटे का नाम भी काजू है। इस वीडियो में अर्चना और परमीत के बेटे आर्यमन सेठी और आयुष्मान सेठी भी नेचर का लुत्फ उठाते दिखाई दे रहे हैं।



# सलमान ने खास दोस्तों को दिखाई मातृभूमि की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में सलमान ने अपनी फिल्म 'मातृभूमि' का रफ कट वर्जन कई निर्देशकों को एक साथ दिखाया। जिसकी एक खास झलक सुभाष घई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर इस शाम की एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में सलमान खान के साथ सूरज बड़जात्या, डेविड धवन, कबीर खान, रूमी जाफरी, रितेश देशमुख, चित्रांगदा सिंह, सिद्धार्थ रॉय कपूर और अपूर्व लाखिया जैसे कई बड़े सितारे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सलमान खान काले कपड़ों में और चित्रांगदा सिंह सफेद कपड़ों में बेहद सुंदर लग रही थीं। फोटो शेयर करते हुए सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज अपने पसंदीदा निर्देशकों को एक साथ देखना बहुत अच्छा लगा। हम सब अपूर्व लाखिया की फिल्म 'मातृभूमि' को देखने आए थे। इस फिल्म में सलमान खान और चित्रांगदा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म गलवां सीमा पर भारत और चीन के सैनिकों की एक भावुक कहानी पर आधारित है, जो दोनों देशों के सैनिकों की अपने परिवार और देश के प्रति भावनाओं को दिखाती है। फिल्म का मुख्य संदेश शांति और सम्मान है।' इसी के साथ सुभाष ने सलमान का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, 'सलमान, हमें बुलाने के लिए शुक्रिया। हम फिल्म की बड़ी सफलता की कामना करते हैं।' सलमान खान का इस स्क्रीनिंग में आए सभी निर्देशकों के साथ बहुत पुराना और गहरा रिश्ता है।

# जून में रिलीज होंगीं ये हिंदी फिल्में

**नई दिल्ली।** जून का महीना सिनेमा लवर्स के लिए खास रहने वाला है। ओटीटी पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। इसके अलावा, सिनेमाघरों में भी कुछ बेहतरीन फिल्में रिलीज हो रही हैं। जून के महीने में हिंदी, इंग्लिश और भारत की क्षेत्रीय भाषाओं को मिलाकर 20 से ज्यादा फिल्में सिनेमाघरों में जून में रिलीज होंगी। हम आपको उन फिल्मों के नाम बता रहे हैं जो हिंदी भाषा में रिलीज होंगीं। 10 हिंदी फिल्में जून के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं।

**पेड्डी :** ये एक तेलुगु भाषा की फिल्म है जिसे हिंदी भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म में राम चरण, जाह्नवी कपूर, विजय सेतुपति, दिव्येन्दु और शिव राजकुमार जैसे कलाकार नजर आनेवाले हैं। फिल्म को बुची बाबू सना ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा, रिलीज डेटः 4 जून।

## 12 जून को 4 फिल्मों का होगा क्लैश



**गवर्नर :** इस फिल्म में मनोज बाजपेयी, अदा शर्मा और मधु शाह जैसे कलाकार नजर आएंगे। फिल्म को चिनमय मंडलेकर ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः पीरियोडिक थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**मैं वापस आउंगा :** फिल्म को इम्तियाज अली ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, शारवरी वाघ, नसीरुद्दीन शाह और वेदांग रैना जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः रोमांटिक ड्रामा, रिलीज डेटः 12 जून।

भारत भाग्य विधाता। कंगना रनौत और गिरिजा ओक जैसे कलाकार इस फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म को मनोज तापड़िया ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म सच्ची कहानी पर आधारित फिल्म होगी। जॉनरः ड्रामा थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**है जवानी तो इश्क होना है :** वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े की इस फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। वरुण धवन ने फिल्म में जस का किरदार निभाया है। इस फिल्म में सलमान खान के चुनरी-चुनरी गाने का

**बंदर :** इस डार्क क्राइम थ्रिलर को अनुराग कश्यप ने डायरेक्ट किया है। बॉबी देओल इस फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। बॉबी देओल के साथ फिल्म में सान्या मल्होत्रा और सबा आजाद जैसे कलाकार नजर आएंगे। **जॉनरः** डार्क क्राइम थ्रिलर, रिलीज डेटः 5 जून।

**हॉंटेड थ्रीडीः** ईकोज ऑफ द पास्ट : विक्रम भट्ट ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। ये फिल्म साल 2011 में आई फिल्म हॉंटेड थ्रीडी का सीक्वल है। इस फिल्म में महाक्षय चक्रवर्ती, चेतना पांडे, श्रुति प्रकाश और हेमंत पांडे जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः हॉरर, रिलीज डेटः 12 जून।

## 7 पतियों की मौत, मिला ये कल्ट गाना, दिलचस्प है इस गाने की कहानी

# 166 साल पुराने रूसी लोकगीत पर बना ये हिंदी सॉन्ग, ऊषा ने दी आवाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सिनेमा में ऐसे कई सिंगर्स हैं, जिनके काम को खूब पसंद किया और जिन्होंने सालों तक काम किया। लेकिन, उनके काम को वो पहचान नहीं मिली, जिसके वह हकदार थे। ऐसा ही बॉलीवुड की एक सिंगर के साथ हुआ, जब उन्होंने एक ऐसे गाने को बनाया जिसने उन्हें उनके करीब 40 साल के कॅरियर में पहली बार उन्हें अवॉर्ड दिलाया था और यह सब उनके एक गाने की वजह से हुआ था और आज उसी कल्ट गाने की कहानी जानते हैं।

### कौन सा है वो गाना?

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर ऊषा उत्थुप ने सिनेमा में कई यादगार गाने दिए, लेकिन उन गानों के लिए उन्हें कभी वो सराहना या बड़े सम्मान नहीं दिए गए। फिर साल 2011 में ऊषा उत्थुप को एक फिल्म का ऑफर आया और इस फिल्म का नाम था '7 खून माफ' । यह वही फिल्म है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म में ऊषा ने मैगी का किरदार निभाया। इसी फिल्म में एक गाना था, जिसका नाम था 'डार्लिंग' इस गाने को ऊषा ने ही अपनी आवाज दी थी और उनके साथ रेखा भारद्वाज ने भी इस गाने को गाया था।



### इस गाने के लिए अवॉर्ड मिला

*इस गाने के लिए ऊषा उत्थुप को अवॉर्ड भी मिला और ये उनके जीवन के एक बड़ी उपलब्धि थी। आमतौर पर बॉलीवुड में विदेशी धुनों को बिना बताए कॉपी कर लिया जाता है, लेकिन विशाल भारद्वाज ने फिल्म की एल्बम और क्रेडिट रोल्स में आधिकारिक तौर पर 'कालिन्का' और उसके रूसी ओरिजिन को पूरा क्रेडिट दिया है। इसीलिए आज भी यह गाना उतना ही हिट है और लोग इस पर खूब थिरकते हैं।*

### रूसी धुन से बना आइकोनिक गाना

असल में डार्लिंग गाना सात समंदर पार से आया था। 'डार्लिंग' गाना रूस का एक बेहद मशहूर और पारंपरिक लोक गीत है, जिसका नाम है 'कालिन्का' । कालिन्का को साल 1860 में रूसी संगीतकार और लोक-साहित्यकार इवान लारियोनोव ने लिखा था। रूस में यह गाना उतना ही लोकप्रिय और पवित्र माना जाता है, जितना भारत में संगीत सीखने के लिए 'सा रे गा मा' या कोई बहुत प्रसिद्ध लोकगीत। यह गाना अक्सर रूसी सेना के कॉयर द्वारा गाया जाता रहा है। आज भी वहां यह गाना अलग-अलग मौकों पर गाया जाता है। ऊषा उत्थुप ने इसी गाने की धुन को सोचा और फिर विशाल भारद्वाज के साथ मिलकर उन्होंने डार्लिंग जैसा कल्ट गाना बना दिया, जो कि ब्लॉकबस्टर रहा।

### कैसे बना डार्लिंग गाना?

दरअसल, उस दौरान ऊषा उत्थुप को ऐसे ही विशाल भारद्वाज ने अपनी फिल्म 7 खून माफ का ऑफर दिया और पूछा कि क्या वह एक्टिंग करना चाहेंगी। बाद में उन्होंने इस ऑफर को एक्सेप्ट कर लिया और इसके बाद सीधे ही फिल्म में ऊषा को मैगी का किरदार मिल गया। अब फिल्म '7 खून माफ' रस्किन बॉन्ड की कहानी 'सुजानाज सेवन हसबैंड्स' पर आधारित थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा मुख्य किरदार में थीं और प्रियंका का किरदार सुजाना कुल 7 शादियां करती है और अपने पतियों को मार देती है। इसी में एक पति के किरदार का नाम अलेक्जेंडर होता है और वह रूसी होता है। इसी को लेकर ऊषा उत्थुप के दिमाग में एक रूसी धुन आती है और फिर विशाल भारद्वाज को यह बताती हैं तो इस पर विशाल उनसे एक गाना बनाने को कहते हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा मण्डल मुलमुला की बैठक में आगामी कार्यक्रम को लेकर विस्तार पूर्वक हुई चर्चा



**मुलमुला।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल मुलमुला के शक्तिकेन्द्रों की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।बैठक में शक्तिकेन्द्र प्रभारी, शक्तिकेन्द्र संयोजक, सहसंयोजक एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। वक्ताओं ने कहा कि शक्तिकेन्द्र संगठन की रीढ़ हैं और कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही पार्टी निरंतर मजबूत हो रही है।बैठक में बूथ स्तर पर अधिक से अधिक जनसंपर्क अभियान चलाने, नए सदस्यों को जोड़ने तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर रणनीति बनाई गई। साथ ही कार्यकर्ताओं से आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण के लिए प्रयास करने की बात कही गई।मण्डल अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की विचारधारा और सरकार की उपलब्धियों को प्रत्येक घर तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

### पेंशनर बैठक सह सम्मान कार्यक्रम महामाया स्कूल में आज

**पामगढ़।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा जांजगीर चांपा द्वारा रविवार 31 मई को सुबह 11 बजे से शासकीय महामाया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ में पेंशनर बैठक सह पेंशनर सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर पी आदित्य संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव करेंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश महामंत्री अनिल कुमार गोल्हानी,भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री टी पी सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री अरुण कुमार तिवारी, प्रदेश सचिव अवध राम घृत लहरे उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम संगठनात्मक चर्चाओं के साथ साथ शासकीय महामाया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ से सेवानिवृत्त होने वाले व्याख्याता एवं पूर्व विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहन लाल कौशिक सहित नवागढ़, अकलतरा ,पामगढ़ विकास खण्ड के सेवानिवृत्त शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा के अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार ने पेंशनरों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### लायंस स्कूल चांपा के रामप्रपन्न देवांगन पुनः चेयरमेन मनोनीत

**चांपा।** लायंस क्लब एजुकेशन सोसाइटी चांपा के वर्ष 2026 - 27 के लिए मनोनीत 9 सदस्यों की



बैठक लायंस स्कूल भवन चांपा में आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित सदस्य पूर्व प्रांतपाल लायन डॉ व्ही. के. अग्रवाल, लायन डॉ के. पी. राठौर, लायन डॉ जी. पी. दुबे, लायन बैजनाथ देवांगन, एमजेएफ लायन डॉ संतोष कुमार अग्रवाल, एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी अधिवक्ता, लायन सीए सुरेश अग्रवाल, लायन विनोद कुमार अग्रवाल, लायन वासुदेव देवांगन ने लायन रामप्रपन्न देवांगन को सर्वसम्मति से लायंस इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल चांपा का चेयरमेन मनोनीत किया। जिससे लायन क्लब सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। सभी ने इस मनोनयन का स्वागत किया है। लायन रामप्रपन्न देवांगन पिछले वर्ष भी चेयरमेन थे, जिनके अथक प्रयास से स्कूल को सीबीएसई संबद्धता प्राप्त हुई है। अब इसका लाभ स्कूल में कार्यरत शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्राप्त होगा।

### सिंधु समाज ने किया भाजपा बिलासपुर संभाग संगठन प्रभारी का स्वागत

**जांजगीर-चांपा।** नगर में भाजपा बिलासपुर



संभाग संगठन प्रभारी जगदीश रामू रोहरा का 27 मई को स्वागत जांजगीर सिंधु समाज के द्वारा किया गया। जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश रूपवानी, गोपाल बजाज अध्यक्ष सिंधु समाज, कमल गुरुनानी कोषाध्यक्ष, मुरली गुरनानी सचिव, मुकेश बजाज,संतोष खत्री उपाध्यक्ष, मोती रामवानी, बादल बजाज, गोलू गुरनानी, विकेश रूपवानी, नगर मंडल भाजपा के द्वारा भी रामू रोहरा का स्वागत शाल श्रीफल से किया गया। स्वागत करने वालों में हितेश यादव मण्डल अध्यक्ष, विक्की सिंह, सोनू यादव अध्यक्ष युवा मोर्चा, रितेश राठौर शामिल रहे। इसी प्रकार चांपा नगर में रामू रोहरा का स्वागत रामखुबवानी संभाग अध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा किया गया।

---

पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों को कई बार समस्या से करा चुके हैं अवगत

# भीषण गर्मी में पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण, सुबह 4 बजे से लग रही कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तुस्मा

ग्राम पंचायत तुस्मा में पेयजल संकट गहरा गया है। यहां पानी की समस्या ने विराल रुप ले लिया है। आलम यह है कि गांव के महमाया चौक के पास पानी के लिए तड़के 4 बजे से कतार लग रही है। ऐसा भी नहीं है कि इस समस्या से लोगों ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को अवगत नहीं कराया है, बावजूद सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

गौरतलब है कि भी भीषण गर्मी के चलते दिनों दिन वाटर लेबल नीचे जा रहा है। ऐसे में जहां हैण्डपंप से पानी नहीं निकल रहा है, वहीं तालाबों का भी जल स्तर कम हो चुका है। ग्राम पंचायत तुस्मा के महामाया चौक क्षेत्र में सैकड़ों ग्रामीण भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। लगातार बढ़ती पानी की समस्या ने ग्रामीणों की दिनचर्या और जीवन को प्रभावित कर दिया है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोगों को सुबह 4 बजे से ही पानी के लिए कतार में खड़ा होना पड़ रहा है महामाया चौक के आसपास रहने वाले ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पानी की समस्या कोई नई बात



नल के पास पानी लेने पहुंची महिलाएं।

नहीं है,बल्कि यह विगत कई वर्षों से बनी हुई है। इसके बावजूद अब तक न तो पंचायत स्तर पर कोई ठोस पहल की गई और न ही संबंधित विभाग के अधिकारियों ने इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में गंभीरता दिखाई। ग्रामीणों के अनुसार मोहल्ले में लगभग 500 से 600 घर हैं और अधिकांश परिवार रोजाना पानी की किल्लत से परेशान हैं। ग्रामीण बताते हैं कि इलाके में वाटर लेवल लगातार नीचे गिरता जा रहा है। कई हैंडपंप सूख चुके हैं और जो कुछ चालू हैं, उनमें भी पर्याप्त पानी नहीं निकल पा रहा है। ऐसे में लोगों को दूर-दूर तक पानी की तलाश में भटकना पड़ता है। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह अंधेरे में ही लोग बाल्टी और डिब्बे लेकर पानी भरने के लिए लाइन में लग जाते हैं। कई बार पानी कम पड़ जाने से लोगों को बिना पानी लिए ही वापस लौटना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से जनसमस्याओं के त्वरित समाधान किया जा रहा है, बावजूद इसके यहां पानी की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। क्षेत्र के रहवासियों ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ जल संकट और विकराल होता जा रहा है। यदि जल्द ही कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि क्षेत्र में नए बोर खनन, पानी टंकी की व्यवस्था और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या को कितनी प्राथमिकता देते हैं और ग्रामीणों को कब तक इस जल संकट से राहत मिल पाती है। फिलहाल ग्राम पंचायत तुस्मा के महामाया चौक में रहने वाले लोगों के लिए हर दिन पानी की समस्या से जूझना दिनचर्या बन गया है।



## भीषण गर्मी में बार-बार बिजली कटौती से आक्रोश, आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती से लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। एक ओर तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर दिनभर बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**
- बिजली बंद होने से बुजुर्गों और मरीजों को हो रही सबसे अधिक परेशानी

नगरवासियों का कहना है कि भीषण गर्मी में कुछ मिनट बिना बिजली के रहना भी मुश्किल हो जाता है, लेकिन वर्तमान में कई बार अचानक बिजली बंद हो जाने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। बिजली कटौती के कारण घरों में लगे पंखे, कूलर और अन्य आवश्यक उपकरण बंद हो जाते हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। व्यापारियों का भी कहना है कि लगातार बिजली गुल होने से उनके कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। नगर के लोगों ने विद्युत विभाग से बिजली व्यवस्था में सुधार करते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भीषण गर्मी के इस दौर में बार-बार होने वाली बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों ने प्रशासन एवं विद्युत विभाग से शीघ्र समस्या का समाधान करने की अपील की है।

## कोटमी सोनार में सादगीपूर्ण माहौल में अदा की गई ईद-उल-अज़हा की नमाज़



**अकलतरा।** ग्राम कोटमी सोनार में ईद-उल-अज़हा का पर्व आपसी भाईचारे, अमन और सौहार्द के वातावरण में श्रद्धा एवं सादगी के साथ मनाया गया। ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से ईद-उल-अज़हा की नमाज़ अदा की। नमाज़ अदा कराने की जिम्मेदारी ग्राम के इमाम अय्यूब रज़ा ने निभाई।नमाज़ के पश्चात इमाम साहब ने देश एवं प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ कराई। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी अलीम खान, अल्पसंख्यक मोर्चा के ज़िला उपाध्यक्ष शेर खान, हाजी वहाब खान, हाजी वदूद खान, डॉ. नफीस खान, नईम खान, डॉ. नदीम खान, अल्ताफ खान, इदरीस, मो. उमर कुरैशी, अरबाज़ खान, लियाकत कुरैशी, निसार खान एवं अज़हर खान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

## पानी का दुरुपयोग रोकने लोगों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम नन्दौरकलां में जल जीवन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को लेकर जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को जल के

- नन्दौरकला में जल संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

महत्व के प्रति जागरूक करना तथा भविष्य के लिए जल बचाने का संकल्प दिलाना था।

कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नन्दौरकलां के राज्यपाल अवार्डी शिक्षक संजीव कुमार सूर्यवंशी द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए गरियाबंद जिले के व्याख्याता मीनाक्षी शर्मा और सतीश मालवीय का मार्गदर्शन भी प्राप्त हो रहा है जो पूरे राज्य मे जल संरक्षण अभियान चला रहे है। इस कार्यक्रम में शिक्षक, छात्र एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग ले रहे है। सभी लोग जल संरक्षण की



पानी बचाने की संदेश देती छात्राएं।

शपथ लेते हुए यह संकल्प लिया कि वे जल का दुरुपयोग नहीं करेंगे, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देंगे तथा अपने घर एवं आसपास जल बचाने के उपाय अपनाएंगे। सभी को यह संदेश दिया जा रहा है कि जल ही जीवन का आधार है और इसके बिना मानव जीवन की कल्पना संभव नहीं है। बढ़ते जल संकट को देखते हुए आज प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह जल की प्रत्येक बूंद का महत्व समझे और उसके संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। इसमे लोगों को दैनिक जीवन में जल बचाने के सरल उपायों की जानकारी भी दी गई। जैसे नलों को अनावश्यक खुला न छोड़ना, वर्षा जल का संग्रह करना, पेड़-पौधों का संरक्षण करना तथा स्वच्छता बनाए रखना। विद्यार्थियों एवं युवाओं को जल संरक्षण का संदेश घर-घर तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. यह कार्यक्रम जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है. कार्यक्रम मे हिमानी राठौर, नीतिका राठौर, चंलल राठौर, भूमि राठौर, वेदिका यादव, यश यादव, एकता यादव, भूमिका राव, चमन राठौर, बलराम राठौर, कैनिका राठौर, निगिता यादव, प्रभात राठौर, विनय चौहान, अराध्या चौहान, सोनल मानिकपुरी आदि सतत सहयोग प्रदान कर रहे है।

## हल्का कार्यालय में नजर नहीं आते पटवारी, चक्कर काट रहे किसान

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के पटवारी हल्का नंबर 9 पटवारी कार्यालय से पटवारी हमेशा नदारद रहते है। इसके चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि सक्ती जिला के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत तहसील न्यायालय हसौद के हल्का नंबर 9 ग्राम पंचायत किकिरदा में पदस्थ हल्का पटवारी अपने कार्यालय से हमेशा नदारद रहते हैं। जिसके कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में किसानों ने बताया कि ग्राम पंचायत किकिरदा के पटवारी अपने कार्यालय से हमेशा गायब रहते हैं और उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर फोन नहीं उठाते हैं। इसके चलते किसानों को बार-बार पटवारी कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। जिम्मेदार राजस्व विभाग के अधिकारियों को किसानो की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है। किसान सहित जरुरी काम से पटवारी कार्यालय पहुंचे लोगों का कहना है कि पटवार का महीना में एक या दो दिन दर्शन हो जाते तो बहुत है।



## बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अकलतरा।** विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर वेल विशर फाउंडेशन एवं जीत कोचिंग के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और प्रकृति के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

बच्चों ने पर्यावरण से जुड़े रोचक तथ्यों के साथ लोगों को जागरूक करने वाले विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में जीत कोचिंग के संचालक पंकज केसरी ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए तथा जन्मदिन, विवाह या अन्य विशेष अवसरों पर उपहार के रूप में पौधा भेंट करने की परंपरा को बढ़ावा देना चाहिए। वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने




बच्चों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन चुका है और इसके उपयोग को कम करना समय की आवश्यकता है। भाषण प्रतियोगिता में अदिति सिंह मरकाम ने प्रथम, टिया साहू ने द्वितीय तथा दीपक खांडेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं युवराज साहू, सृष्टि खांडेल, शुभम खांडेल एवं समीर खांडेल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को वेल विशर फाउंडेशन द्वारा उपहार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन सराहनीय कार्य : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरौद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय खरौद ओम शांति भवन में 5 दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजनकिया गया, जिसमें बच्चों को सरस्वती वंदना, नैतिक शिक्षा, आध्यात्मिक शिक्षा, स्वच्छता,

- पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का हुआ आयोजन

एकाग्रता, बड़े बुजुर्गों का सम्मान करना, आंतरिक सुंदरता, आत्मा परमात्मा, सृष्टि चक्र का ज्ञान माइंड गेम ,एरोबिक्स, मेडिटेशन आदि प्रतिदिन अलग-अलग विषय पर क्लास करवाया गया।

शिविर में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सेवाकेंद्र प्रभारी




प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित बच्चे।

ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा - वंदना दीप प्रज्वलन कर किया गया। मई व जून की चिलचिलाती गर्मी से हर कोई परेशान है वही ब्रह्माकुमारीज द्वारा चलाया जा रहा मूल्य शिक्षा, नैतिक शिक्षा व अध्यात्मिकता पर आधारित बच्चों का बाल व्यक्तित्व विकास शिविर वास्तव में सराहनीय कार्य कर रही है। यह बच्चों में उमंग उत्साह भरता है, कुछ अच्छा सीखने की प्रेरणा मिलती है। समय को सफल कर समयनियोजन की शिक्षा मिलती है। कुछ अच्छा बनने का लक्ष्य निर्धारित होता है। उक्त बातें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल सदस्य चंद्रकांत तिवारी ने कही। विशिष्ट अतिथियों में स्वामी आत्मानंद शासकिय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवरीनारायण प्रचार्य बसंत देवांगन, सेवानिवृत्त शिक्षक हेमलाल यादव, अध्यात्म परिषद अध्यक्ष शिवरात्रि यादव, पार्षद सुश्री नीलम यादव, सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती खगेश्वरी शर्मा, शासकीय शिक्षिका देवकांता यादव उपस्थित रही। पांचवा दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने रंगोली ,ड्राइंग प्रतियोगिता खेल ,नृत्य, गीत, कविता ,भाषण में बढ़ चढ़कर भाग लिया। अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र वितरण कराया गया। बी.के. चंद्रकांता बहन ने सभी को प्रसाद वितरण किया।

ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में हुआ शुभारम्भ

## आजीविका के लिए महिलाओं को दिया जा रहा ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

महिलाओ के लिये ब्यूटीपार्लर एक बहुत अच्छी आजीविका गतिविधि बन सकती है। आज के समय में सौंदर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल की मांग गांव और शहरों में तेजी से बढ़ रही है। कम पूंजी में शुरू होने वाला यह व्यवसाय महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उक्त बातें ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ अवसर पर संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू ने अपना विचार व्यक्त किया। उन्होंने आगे बताया कि इस व्यवसाय को घर के छोटे कमरे में शुरू किया जा सकता है। वहीं इस कारोबार से नियमित आय का स्त्रोत जैसे शादी, त्यौहार, कार्यक्रम और दैनिक सेवाओं से लगातार आमदनी होती है। फेकेल्टी अरुण पाण्डेय ने कहा कि



शुभारंभ अवसर पर उपस्थित संस्थान के निदेशक, मास्टर ट्रेनर एवं महिलाएं।

प्रशिक्षण से फेसियल, हेयर कटिंग, मेकअप, मेंहदी, स्किन केयर आदि की सही विधि सिखने को मिलती है। इसके साथ ही त्वचा और बालों पर काम करते समय साफ सफाई बहुत जरूरी होता है। प्रशिक्षण में संक्रमण से बचाव, उपकरण की सफाई और सुरक्षित उपयोग की जानकारी मिलती है। फेकेल्टी उत्तम राठौर ने कहा कि अच्छी सेवा देने से ग्राहक दुबारा आते हैं. चूंकि प्रशिक्षित व्यक्ति का काम अधिक भरोसेमंद माना जाता है। क्रृषि व पशुपालन के मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव ने कहा कि प्रशिक्षण के पश्चात प्रमाण पत्र मिलने पर बैंक ऋण, सरकारी योजना और रोजगार में सहायता मिलती है। ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर अंजू डहरिया ने कहा कि प्रशिक्षण में हेयर कटिंग, हेयर स्टाईल, फेशियल, स्किन केयर, मेकअप तकनीक, मेहंदी डिजाईन, थ्रेडिंग, वैक्सीग, नेल आर्ट समेत अन्य विषयों के बारे में जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि ब्यूटीपार्लर महिलाओ के लिए एक सफल, सम्मानजनक आजीविका गतिविधि है। उचित प्रशिक्षण से महिलाएं कुशल बनती हैं। अच्छी आय अर्जित करतीं हैं और आत्मनिर्भर होकर समाज में अपनी पहचान बना सकती हैं। प्रशिक्षण में मालती कुर्रे, रामदुलारी, सुरेखा पाटले, अंशु पाटले, वर्षा मानिकपुरी, शालिनी साहू, गौतमी, लक्ष्मी साहू, बसंती साहू, तृप्ति साहू, स्वाति साहू, सुनीता साहू, अनिशा बरेठ, नीलम, पूर्णिमा, निधि, संगीता यादव, अमिता भारद्वाज, अंजली, मोनिका रागिनी व बिहान की महिलाएं शामिल हैं।

### कैरियर मार्गदर्शन व सम्मान समारोह आज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ युवा धीवर समाज के तत्वाधान में कैरियर मार्गदर्शन व मछुआरा समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह रविवार 31 मई को ऑडिटोरियम जांजगीर में होगा। मछुआरा समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं के लिए उच्च शिक्षित,अनुभवी काउंसलर के माध्यम से कैरियर काउंसलिंग करते हुए शिक्षण सत्र 2025-26 में प्राइमरी,मिडिल स्कूल ,हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, तकनीकी तथा व्यवसायिक परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जायेगा। छग युवा धीवर समाज के संस्थापक नवीन कुमार धीवर ने कार्यक्रम में लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

